मिस नेल्सन गायब हैं!

हैरी अलार्ड

चित्र: जेम्स मार्शल

मिस नेल्सन
गायब हैं!
हैरी अलार्ड
चित्र: जेम्स मार्शल

207 नंबर कमरे में बच्चे फिर से बदतमीजी कर रहे थे.

थूक की गेंदें छत पर चिपकी हुई थीं.

कागज़ के हवाई-जहाज़ हवा में उड़ रहे थे.

वो पूरे स्कूल में सबसे शरारती क्लास थी.

"अब शांत हो जाओ," मिस नेल्सन ने अपनी मीठी आवाज़ में कहा.

लेकिन कक्षा शांत नहीं हुई.

वे फुसफुसाए और हँसे.

वे खिलखिलाए और उन्होंने मुंह बनाए.

वे कहानी के घंटे में भी शैतानी करते रहे.

और वे लगातार अपना पाठ पढ़ने से इनकार करते रहे.

"अब मुझे कुछ तो करना ही होगा," मिस नेल्सन ने सोचा.

अगली सुबह मिस नेल्सन स्कूल नहीं आईं.

"वाह!" बच्चे चिल्लाए.

"अब हम वाकई में पूरे दिन शरारत कर सकेंगे!"

फिर और ज़्यादा थूक की गेंदें छत पर चिपकने लगीं.

फिर और ज़्यादा कागज़ के हवाई-जहाज़ क्लास में उड़ने लगे.

"आज हम दिल भर के मस्ती करेंगे, उधम मचाएंगे!" बच्चों ने कहा.

"इतनी जल्दी नहीं!" तभी एक अप्रिय आवाज फुसफुसाई.

बदसूरत काला चोगा पहने एक महिला उनके सामने खड़ी थी.

"मैं तुम्हारी नई टीचर हूँ, मिस वियोला स्वैम्प."

और फिर टीचर ने अपने रूलर को डेस्क पर ज़ोर से पटका.

"मिस नेल्सन कहाँ है?" बच्चों ने पूछा.

"नहीं पता, अब उनकी परवाह मत करो!" मिस स्वैम्प ने झट से कहा.

"अब जल्दी से अपनी अंकगणित की किताबें खोलो!"

मिस नेल्सन के बच्चों ने वैसा ही किया जैसा उन्हें आदेश दिया गया था.

वे देख सकते थे कि मिस स्वैम्प एक असली चुड़ैल थीं.

वह गंभीर थीं, और उनसे काम करवाना जानती थीं.

नई टीचर ने बच्चों को तुरंत काम पर लगा दिया.

उन्होंने बच्चों को को ढेर सारा होमवर्क दिया.

"आज हम कहानी पर समय व्यर्थ नहीं करेंगे," मिस स्वैम्प ने कहा.

"सब अपना मुंह बंद रखो," मिस स्वैम्प ने कहा.

"बिल्कुल शांत बैठो," मिस स्वैम्प चिल्लायीं.

''देखो, अगर तुमने शोर मचाया, तो तुम्हें पछताना पड़ेगा,''
मिस स्वैम्प ने चेतावनी दी.

207 नंबर कमरे के बच्चों ने इतनी मेहनत पहले कभी नहीं की थी.

दिन बीतते गए लेकिन मिस नेल्सन का कोई अतापता नहीं चला.

लेकिन बच्चों को लगातार मिस नेल्सन की याद आती रही!

"शायद हमें मिस नेल्सन को खोजने की कोशिश करनी चाहिए." उन्होंने कहा.

उनमें से कुछ बच्चे पुलिस के पास गए.

जासूस मैकस्मोग को उस मामले की जिम्मेदारी सौंपी गई.

उन्होंने बच्चों की कहानी सुनी. उन्होंने अपनी ठुड्डी खुजाई.

“हम्म्म्म" उन्होंने कहा. "मुझे लगता है कि मिस नेल्सन गायब हैं."

जासूस मैकस्मोग कुछ ज़्यादा मदद नहीं कर पाए.

अन्य बच्चे मिस नेल्सन के घर गए.

घर के परदे कसकर खींचे हुए थे

और किसी ने दरवाज़ा तक नहीं खोला.

वास्तव में, बच्चों ने सिर्फ़ दुष्ट मिस वियोला स्वैम्प को ही देखा,
जो सड़क पर आ रही थी.

"अगर वह हमें देख लेगी, तो वह हमें और होमवर्क देगी."

इसलिए समय रहते ही बच्चे वहां से भाग निकले.

शायद मिस नेल्सन के साथ कुछ भयानक हुआ हो!

"शायद उन्हें कोई शार्क निगल गई हो?" उनमें से एक बच्चे ने कहा.

लेकिन ऐसा होने की संभावना बिल्कुल नहीं थी.

शार्क
(बहुत खतरनाक)

"शायद मिस नेल्सन मंगल ग्रह पर चली गई हों!" दूसरे बच्चे ने कहा.

लेकिन ऐसा होने की संभावना भी नहीं थी.

"मुझे पता है!" एक जानकार बच्चे ने कहा.
"शायद मिस नेल्सन की कार को गुस्सैल
तितलियां का कोई झुंड उड़ाकर ले गया हो!"
लेकिन ऐसा होने की संभावना सबसे कम थी.

207 नंबर कमरे में बच्चे उससे बहुत निराश हुए.

उन्हें ऐसा लगा कि अब उनकी टीचर

मिस नेल्सन कभी वापस नहीं आएंगी.

और वे हमेशा के लिए मिस वियोला स्वैम्प के साथ फंसे रहेंगे.

तभी उन्होंने हॉल में कुछ पदचिहन सुनाई दिए.

"चुड़ैल आ रही है," बच्चे फुसफुसाए.

"हेलो, बच्चों." किसी ने मीठी आवाज़ में कहा.

इंग्लैंड की राजधानी लंदन है.

स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम है.

जापान की राजधानी टोक्यो है.

इटली की राजधानी रोम है.

ग्रीस की राजधानी एथेंस है.

चीन की राजधानी बीजिंग है.

वह मिस नेल्सन ही थीं!

"क्या तुम्हें मेरी याद आई?" मिस नेल्सन ने पूछा.

"हमें आपकी बहुत याद आई!" सभी बच्चे चिल्लाए.

"आप कहाँ थीं?"

"वो बात हमेशा एक रहस्य रहेगी," मिस नेल्सन ने कहा.

"क्या हम कहानी सुनने का पीरियड शुरू करें?"

"ज़रूर!" सभी बच्चे चिल्लाए.

मिस नेल्सन ने देखा कि कहानी सुनते समय कोई भी बच्चा असभ्य नहीं था.

"यह प्यारा बदलाव किस वजह से हुआ?" मिस नेल्सन ने पूछा.

"यह हमारा छोटा सा रहस्य है," बच्चों ने कहा.

घर वापस आकर मिस नेल्सन ने अपना कोट उतारा और उसे अलमारी में लटका दिया (एक बदसूरत काले चोगे के ठीक बगल में).

जब सोने का समय हुआ तो उन्होंने एक छोटा सा गाना गाया.

"मैं उन्हें कभी नहीं बताऊँगी," उन्होंने मुस्कुराते हुए खुद से कहा.

अंत के शब्द: अब जासूस मैकस्मोग एक नए मामले पर काम कर रहे हैं. अब वो मिस वियोला स्वैम्प की तलाश कर रहे हैं.